हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 चंदोरा बांध के डूब क्षेत्र के 200 से अधिक किसानों की बिजली काटी



07 ग्राम व विकासखंड स्तरीय समितियों के गठन का निर्णय...



खबर संक्षेप

आर्थोपेडिक सेक्शन के माध्यम से हुई सर्जरी

नर्मदापुरम। गत दिवस को बुधनी क्षेत्र में लोगों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली का सड़क दुर्घटना होने उपरान्त घायलों में से लगभग 12 मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल नर्मदापुरम लाया गया। इसी दुर्घटना में एक मरीज के दाहिने हाथ की ह्यूमरस (ऊपरी बांह की हड्डी) बुरी तरह टूट गई थी। मरीज का परीक्षण जिला अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनिल बड़ुके ने किया तथा आवश्यक जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी। प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन के समन्वित प्रयासों से ऑपरेशन के लिए आवश्यक इम्प्लांट की व्यवस्था महज एक दिन में कर ली गई। तत्पश्चात जिला अस्पताल नर्मदापुरम में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनिल बड़ुके द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया।

किसानों ने नरवाई न जलाने की ली शपथ

नर्मदापुरम। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के तत्वावधान में पंचायत चपलासर और आँखमऊ में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नरवाई प्रबंधन हेतु प्रेरणा अभियान के तहत हुआ। जिसमें किसानों ने नरवाई न जलाने की शपथ ली।

जल संसाधन विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में बोले कलेक्टर...

रबी सिंचाई से पहले तवा परियोजना की नहरों की सफाई व मरम्मत कराएं

शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जल संसाधन विभाग की विभागीय समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई की तैयारियों के संबंध में बैठक ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जल संसाधन विभाग की विभागीय समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की।

बैठक में तवा परियोजना सहित विभिन्न संभागों में नहरों की साफ-सफाई, मरम्मत एवं लाइनिंग कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी रबी सिंचाई के लिए नहरों में जल प्रवाह प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं। बैठक में अधीक्षण यंत्री तवा परियोजना मंडल नर्मदापुरम प्रतिभा सिंह, कार्यपालन यंत्री संभाग सोहागपुर, कार्यपालन यंत्री संभाग इटारसी अंकित सर्राफ, कार्यपालन यंत्री संभाग सिवनी मालवा राज्यश्री कटारे सहित अन्य अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



नहरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें

बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री अंकित सर्राफ ने कमांड मैप के माध्यम से तवा परियोजना एवं उसकी नहरों में किए जा रहे लाइनिंग कार्यों तथा आगामी रबी सिंचाई से पूर्व प्रस्तावित साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर वशिष्ठ ने सभी कार्यपालन यंत्रियों को निर्देश दिए कि तवा परियोजना के संपूर्ण नहर तंत्र में जल प्रवाह प्रारंभ होने से पहले नहरों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कच्ची नहरों के तल में जमा गाद को हटाने का कार्य भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

नहर तंत्र पर सतत निगरानी रखी जाए

उन्होंने कहा कि नहरों की साफ-सफाई एवं मरम्मत इस प्रकार की जाए कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने आगामी रबी सिंचाई के लिए नहरों में जल प्रवाह प्रारंभ करने की संभावित तिथि के संबंध में सभी कार्यपालन यंत्रियों से चर्चा की। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा नहर तंत्र की स्थिति का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। विदित हो कि इस वर्ष कम बारिश के चलते तवा डेम पूरी तरह भरा नहीं पाया है ऐसे में अनावश्यक पानी की बर्बादी को रोकने के लिए व्यवस्थाएं बनाई जाएं।

आयोजित करें जल उपयोगिता समिति की बैठक

कलेक्टर वशिष्ठ ने आगामी सप्ताह में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समिति के सभी सदस्यों को बैठक की सूचना समय पर उपलब्ध कराने के लिए कहा, ताकि आगामी रबी सिंचाई की तैयारियों, नहरों में जल प्रवाह प्रारंभ करने की तिथि एवं सिंचाई व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। साथ ही किसानों को रबी सीजन के लिए नहर से पानी उपलब्ध कराने के प्रयास किये जायें।

एसडीएम ने किया पटाखा विक्रय स्थल का संयुक्त निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा कानून व्यवस्था बैठक में दिए गए निर्देशानुसार आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत नर्मदापुरम शहर में पटाखा विक्रय हेतु स्थल चिन्हांकन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज गुप्ता ग्राउंड का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवेन्द्र प्रताप सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सिटी मजिस्ट्रेट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार नर्मदापुरम उपस्थित रहे।

संयुक्त दल द्वारा पटाखा बाजार की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पूर्व वर्षों की भांति समय-पूर्व निरीक्षण में दौरान सर्वसम्मति से निर्धारित लेआउट तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। लेआउट में पार्किंग एवं आपातकालीन मार्ग का चिन्हाकन किए जाने के निर्देश भी दिए गए। लेआउट में सभी दुकानों के मध्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पर्याप्त दूरी सुनिश्चित करने तथा दुकानों का निर्माण पूर्णतः टीन सामग्री से कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अग्नि सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध, आपातकालीन आवागमन हेतु पर्याप्त स्थान तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पटाखा बाजार प्रारंभ होने से कम-से-कम एक सप्ताह पूर्व लेआउट तैयार कर अनुमोदन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व के दौरान पटाखा विक्रय व्यवस्था को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

कस्तूरबा गांधी छात्रावास में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले में अपराजिता अभियान के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो और कुश्ती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में परियोजना सोहागपुर अंतर्गत 15 अक्टूबर को कस्तूरबा गांधी छात्रावास की बालिकाओं के लिए 15 दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर छात्रावास की बालिकाएं, मार्शल आर्ट प्रशिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ने की जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी स्तर पर किसानों से निरंतर संपर्क कर उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए एनपीके खाद का उठाव सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। खाद की कालाबाजारी और अमानक उर्वरक की बिक्री किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग सघन जांच अभियान चलाएं। अनियमितता के मामले सामने आने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक की रैक से खाद को ट्रकों के माध्यम से संबंधित समितियों तक पहुंचाने की प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग की जाए। अनुविभाग स्तर पर खाद की उपलब्धता संबंधी जानकारी संबंधित एसडीएम को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विकासखंड स्तर पर उर्वरक वितरण का माहवार कार्यक्रम तैयार करने तथा खाद की खपत के अनुरूप भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिले में माहवार उर्वरक की आवश्यकता के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों की जरूरत के अनुसार खाद की उपलब्धता और वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके।

जनजातीय समुदाय की समस्या समाधान के लिए समिति शीघ्र जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने माखन नगर में आदिवासी समुदाय की समस्याओं की समीक्षा के लिए राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आदिवासियों की समस्याओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर वशिष्ठ ने वन विभाग के अधिकारियों से संबंधित विषयों एवं अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि आदिवासियों की समस्याओं के संबंध में गठित समिति द्वारा की जा रही जांच के संबंध में प्रक्रियाधीन कार्यवाही की आगामी चार दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य जांच के निर्धारित बिंदुओं के आधार पर तथ्यों का परीक्षण कर अपना अंतिम निष्कर्ष प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि आदिवासी समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें समस्याओं के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया जाए। संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ जांच प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा, एसडीएम राजस्व नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित राजस्व एवं वन विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसडीएम के निरीक्षण में गांवों में आग पाए जाने पर जुर्माना व एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले में नरवाई प्रबंधन हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभाग सिवनी मालवा के अंतर्गत खरीफ फसल की कटाई के उपरांत खेतों में बची नरवाई (पराली) के अवशेषों को जलाए जाने से रोकने तथा उसके समुचित प्रबंधन के संबंध में निरंतर कठोर कार्रवाई की जा रही है। इस बाबत अनुविभागीय दंडाधिकारी सिवनी मालवा द्वारा पहले ही प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जा चुके हैं। जिसमें खेत में नरवाई जलाने या प्रबंधन न करने वाले व्यक्तियों तथा बिना एसएमएस अटैचमेंट के चलने वाले हार्वेस्टरों के विरुद्ध दंडात्मक एवं जुर्माने कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश विभिन्न विभागीय एवं किसान प्रतिनिधियों की बैठकों में दिए गए हैं।

इसी क्रम में गुरूवार को एसडीएम सिवनी मालवा विजय राय द्वारा तोरनिया, रूपादेह, बनाड़ा, भांगिया, हरपालपुर और रेहड़ा आदि ग्रामों का औचक भ्रमण किया गया। ग्राम बनाड़ा में कृषक अशोक पटेल तथा आसपास के ग्रामीणों द्वारा मल्चर, बेलर इत्यादि के माध्यम से नरवाई प्रबंधन कराया जा रहा है मौके पर पहुंचकर समस्त स्थानीय कृषकों को नरवाई प्रबंधन के संबंध में जागरूक तथा प्रोत्साहित किया गया। वहीं ग्राम भांगिया, बनाड़ा एवं हरपालपुर के खेतों में नरवाई में आग लगाई जाना पाया गया।

नप द्वारा बढ़ाए गए संपत्ति कर को लेकर की एसडीएम से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा संपत्ति कर में बढ़ोतरी की गई है। जिसे लेकर चर्चाओं का दौर है कि वृद्धि का प्रतिशत ज्यादा है। इस समस्या को लेकर कुछ नागरिकों ने मंगलवार को एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से भेंटकर संशोधन की मांग की है।

नागरिकों ने एसडीएम डॉक्टर राठौर को बताया कि सोहागपुर शहर में नगर निकाय द्वारा संपत्ति कर में दोगुनी से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। जिससे नागरिकों की जेब पर भार बढ़ गया है एवं गत वर्ष तक संपत्ति कर के रूप में दी जाने वाली राशि अब दोगुने से अधिक हो गई है। जिसकी व्यवस्था जुटा पाना सभी वर्ग के नागरिकों के लिए आसान नहीं है। नागरिकों ने एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से मांग की है कि दर का पुनः निर्धारण कर बढ़त प्रतिशत को कम कराएं। ताकि नागरिकों को अधिक कर चुकाने की समस्या से छुटकारा मिल सके।

नागरिकों से चर्चा में एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर ने कहा कि संपत्ति कर का बढ़ाया जाना किसी एक निकाय का कार्य नहीं है। समूचे मध्य प्रदेश में शासकीय आदेशों पर निकाय द्वारा संपत्ति कर की बढ़ोतरी की गई है। जिस पर नागरिकों ने कहा कि बढ़ोतरी पर आपत्ति नहीं है, बल्कि बढ़ोतरी के प्रतिशत पर आपत्ति है।

मिसरोद में 96 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत मिसरोद में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के निर्देश और बीएमओ डॉ. सृजन सेंगर की देखरेख में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और विभागीय योजनाओं की जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। शिविर में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा 96 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। मलेरिया शाखा द्वारा 62 लोगों की मलेरिया रक्त पट्टिका बनाई गई, जिसमें कोई भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला।

मत्स्य पालन के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन

नर्मदापुरम। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 83 ग्रामों को चयनित किया गया है। चयनित ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने के लिए अपने आवेदन सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय, नर्मदापुरम में 25 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ वन अधिकार पट्टा, स्वयं की भूमि का खसरा, नक्शा, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। योजना के तहत मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण, बायोफ्लॉक पॉन्ड, बायोफ्लॉक टैंक, आरएएस, फिश फीड मिल, हैचरी स्थापना, मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स, इंसुलेटेड व्हीकल सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

स्कूली बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों को किया प्रेरित

श्रमदान से स्वच्छता की ओर बढ़ा कदम, स्प्रिंगडेल्स स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने जगाई जन जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्वच्छता एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की तथा कचरा एकत्र कर उसका उचित निपटान किया। कैडेट्स ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए विद्यार्थियों एवं आसपास के लोगों को अपने घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मोना चटर्जी ने कहा कि श्रमदान जैसी गतिविधियों से कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का विकास होता है। कैडेट्स ने स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने एनसीसी कैडेट्स के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रोग्राम एनसीसी सेकंड ऑफिसर एनएनओ शेख कमर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शारदीय नवरात्रि पर्व पर नगर में छाया भक्ति का उल्लास जगमगाए माता के पंडाल, गरबा और रास की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम







शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर पूरे नगर में उत्सव और भक्ति का माहौल बना हुआ है। शहर के कोने-कोने में आदिशक्ति माँ जगदम्बा की उपासना और आराधना का अनवरत दौर जारी है। रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक कलाकृतियों से सजे भव्य पूजा पंडालों में माँ दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहाँ सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

नवरात्रि के इस पावन पर्व पर नगर में भक्ति के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अद्भुत रंग देखने को मिल रहा है। विभिन्न समितियों, संगठनों और सोसायटियों द्वारा गरबा और डांडिया रास के भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुनों पर डांडिया रास करते हुए माँ की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक में गरबा उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है वहीं दूसरी ओर देवी धाम दर्शन के लिए सलकनपुर जाने वाले भक्तों की टोली भी निकल रही हैं।

पूजा पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नगर के प्रमुख चौराहों और कॉलोनियों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के दर्शन के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। आरती के समय माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठता है। पूजा समितियों द्वारा दर्शनार्थियों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं, महाआरती और प्रसादी वितरण के विशेष प्रबंध किए गए हैं। दूसरी ओर पंडालों में विराजी मां भगवती की प्रतिमाएं लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन रही है। शहर में विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा, भगवान शिव, मां काली आदि की प्रतिमाएं और झांकियां सजाई गई है।

खबर संक्षेप

प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एकत्रित की पॉलीथिन



बैतूल। 75 कदम अभियान के 16वें दिन विधायक और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अभियान में शामिल हुए। उन्होंने अभियान से जुड़े सदस्यों और स्कूली विद्यार्थियों के साथ सडक़ व सार्वजनिक स्थानों से पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। अभियान के दौरान करीब 316 किलो प्लास्टिक सामग्री जुटाकर नगर पालिका को सौंपी गई। वृंदा सोशल फाउंडेशन और लिटिल फ्लावर स्कूल के शिक्षक-विद्यार्थियों सहित अभियान से जुड़े सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसी दौरान हेमंत खंडेलवाल अचानक मौके पर पहुंचे और सभी के साथ श्रमदान करने लगे। उनके अभियान में शामिल होने से वहां मौजूद धरती सेवक और विद्यार्थी भी अचंभित रह गए। उन्होंने सभी के साथ मिलकर प्लास्टिक कचरा बोरियों में भरा। खंडेलवाल ने अभियान से जुड़े सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए इसे आगे भी जारी रखने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों और नागरिकों से बैतूल को सुंदर, स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहभागी बनने का आह्वान किया। अभियान के जरिए लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर पॉलीथिन नहीं फेंकने और इसका उपयोग कम करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान के सदस्यों ने एकत्र प्लास्टिक कचरा नगर पालिका को सौंपते हुए सार्वजनिक स्थानों पर पॉलीथिन फेंकने वाले दुकानदारों और अन्य लोगों पर कार्रवाई की मांग की। फल-सब्जी विक्रेताओं सहित नागरिकों से भी पॉलीथिन का उपयोग कम करने और खुले में इसका निपटान नहीं करने की अपील की गई। 75 कदम मिशन के तहत रविवार 18 अक्टूबर को सुबह 8 से 9 बजे तक महाकाल मंदिर चौक, थाना रोड के सामने से कमानी गेट तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। आयोजकों ने नागरिकों से अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने की अपील की है।

खेतों में सूखी फसलें कुओं में घटा पानी



बैतूल। मानसून की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आठनेर क्षेत्र में महज 16 प्रतिशत बारिश होने से खरीफ फसलों को भारी नुकसान पहुंचने का दावा करते हुए किसानों ने पूरे बैतूल जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। खेतों में खड़ी फसलें सूखने, नदी-नालों में पानी नहीं रहने और कुओं-बोरवेल का जलस्तर गिरने से खरीफ के बाद रबी की खेती पर भी संकट मंडराने लगा है। इन परिस्थितियों में राहत, मुआवजे, फसल बीमा और कृषि कर्जमाफी की मांग को लेकर क्षेत्रीय किसान कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों के मुताबिक, बारिश की कमी के कारण फसलें खेतों में ही सूख गई हैं। इससे खेती में लगाई गई लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि नदी-नाले सूखने और कुओं तथा बोरवेल का जलस्तर नीचे जाने से आगामी रबी सीजन में बुआई की संभावना भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने इसे गंभीर कृषि संकट बताते हुए प्रशासन से तत्काल राहत देने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया गया है। किसानों का कहना है कि रात के समय बिजली गुल रहने से सिंचाई संबंधी परेशानियां बढ़ती हैं। अंधेरे में सांप-बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। किसानों ने कलेक्टर के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें विकासखंड आठनेर सहित पूरे बैतूल जिले को सूखाग्रस्त घोषित करना, प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देना, फसल बीमा की राशि तत्काल उपलब्ध कराना, किसानों का कृषि कर्ज माफ करना और ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली कटौती पर रोक लगाना शामिल है।

आक्रोशित किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

चंदोरा बांध के डूब क्षेत्र के 200 से अधिक किसानों की बिजली काटी

ताईखेड़ा और सिरसावाड़ी के किसानों की सिंचाई व्यवस्था ठप, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे से मिलकर बताई समस्या,24 घंटे में विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



चंदोरा बांध के डूब क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ताईखेड़ा और सिरसावाड़ी के 200 से अधिक किसानों की विद्युत आपूर्ति सिंचाई विभाग के आदेश पर बिजली विभाग द्वारा बंद कर दिए जाने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बिजली कनेक्शन काटे जाने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। किसानों का कहना है कि उनकी पत्तागोभी, धनिया, टमाटर सहित अन्य फसलें तैयार होने की स्थिति में हैं और आगामी 15 दिनों में फसलों के लिए पानी की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे समय में बिजली बंद होने से फसलों के सूखने और बर्बाद होने का खतरा बढ़ गया है। अपनी समस्या को लेकर प्रभावित किसान पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे से मिले और उन्हें आवेदन सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया। किसानों की समस्या सुनने के बाद पांसे ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र समाधान करने की बात कही। वहीं, चंदोरा बांध के कमांड क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई एवं विद्युत विभाग को भी आवेदन सौंपकर बंद की गई विद्युत आपूर्ति तत्काल बहाल करने और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

फसलें तैयार होने की स्थिति में, पानी नहीं मिला तो होगा नुकसान

किसानों ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि सिंचाई विभाग के आदेश पर बिजली विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन काट दिए जाने से ताईखेड़ा एवं सिरसावाड़ी के 200 से अधिक किसानों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई है। वर्तमान में किसानों के खेतों में पत्तागोभी, धनिया, टमाटर सहित अन्य फसलें लगी हुई हैं। इनमें से कई फसलें आगामी 15 दिनों में तैयार होने की स्थिति में हैं। इस समय फसलों को पर्याप्त पानी मिलना बेहद जरूरी है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, तो उनकी मेहनत और लागत पर पानी फिर सकता है। फसलें बर्बाद होने की स्थिति में किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उनका आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति बंद किए जाने से सैकड़ों किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

बांध में 75 प्रतिशत से अधिक पानी, फिर भी सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी

किसानों ने शिकायत पत्र में जिला जल उपयोगिता समिति के निर्णय का हवाला देते हुए बताया कि 50 प्रतिशत से कम भरे बांधों से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। किसानों का दावा है कि चंदोरा बांध में वर्तमान में 75 प्रतिशत से अधिक पानी उपलब्ध होने के बावजूद डूब क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने सवाल उठाया कि जब बांध में पर्याप्त जल उपलब्ध है, तो उनकी फसलों की सिंचाई पर रोक क्यों लगाई जा रही है। उनका कहना है कि एक ओर फसलों को बचाने के लिए पानी की जरूरत है, वहीं दूसरी ओर विद्युत आपूर्ति बंद होने से सिंचाई करना संभव नहीं हो पा रहा है। किसानों ने इसे अपने साथ अन्याय बताते हुए संबंधित विभागों से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

24 घंटे का अल्टीमेटम, समाधान नहीं तो आंदोलन

प्रभावित किसानों ने सिंचाई एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि बंद किए गए विद्युत कनेक्शनों को तत्काल जोड़ा जाए और फसलों की जरूरत के अनुसार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। किसानों ने स्पष्ट किया है कि खेती का महत्वपूर्ण समय चल रहा है। ऐसे में विभागीय निर्णय के कारण उनकी फसलें प्रभावित होती हैं, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल कर सिंचाई की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। फिलहाल किसान अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण की उम्मीद लगाए हुए हैं। आवेदन सौंपने वाले किसानों में धनराज खाकरे, माखन धाकड़, ललित खाकरे, पूरणलाल नरवरे, तुलसीदास खाकरे, सुरेश खंडाग्रे, जगदीश बोरबन, कैलाश खाकरे, मुन्ना सोलंकी, कमलनाथ अमरूले, दिलीप खाकरे, गोलू खाकरे, हेमराज धाकड़, नितेश बारस्कर, विजय हारोडे, नकुल धाकड़, मनोहर बरोदे सहित अन्य किसान शामिल हैं।

8 दुकानों के निर्माण का था प्रस्ताव

ग्राम पंचायत कोलगांव में दुकानों के सामने से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जनपद पंचायत बैतूल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलगांव द्वारा आज अतिक्रमण हटवाने की बड़ी कार्यवाही की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव निवासी अयोध्या दुबे द्वारा बनाई गई दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण किया गया था, जिसे आज प्रशासन ने हटाया। मौके पर राजस्व विभाग के आर.आई., पटवारी, गांव कोटवार, सरपंच, उपसरपंच सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। ग्राम पंचायत के सूत्रों द्वारा बताया गया कि ग्राम सभा में 8 दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव लिया गया था। जिसमें से 6 दुकानों का निर्माण स्लैब तक पूरा हो चुका, लेकिन शेष 2 दुकानों के निर्माण में अतिक्रमण रोड़ा बना हुआ था। कई दिनों से लंबित इस अतिक्रमण को आज हटाए जाने के बाद ग्राम पंचायत को शिकायत से छुटकारा मिला। अब शेष बची दुकानों का निर्माण कार्य भी जल्द ही पूरा किया जा सकेगा।

सेवा भारती जिला बैतूल के द्वारा नगर शाहपुर में कन्या पूजन



शाहपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सेवा भारती शाहपुर द्वारा 101 कन्याओं का भव्य पूजन एवं भारत माता की आरती का आयोजन नगरपरिषद शाहपुर में किया गया। नगर के हर क्षेत्र से अपार संख्या में नागरिक कन्याओं का पूजन करने के लिए पति-पत्नी सहित नगर परिषद में उपस्थित हुए। भारतीय संस्कृति में कन्या पूजन नारी शक्ति के सम्मान श्रद्धा एवं शक्ति का प्रतीक माना जाता है। देवी स्वरूप कन्याओं के पैर पखारे गए एवं उनका पंडित राधा गोविंद के मंत्र उच्चारण के द्वारा पूजा अर्चन किया गया। कन्याओं को भोजन प्रसादी का भोग लगाया गया। सेवा भारती शाहपुर द्वारा कन्या पूजन का यह आयोजन नगर शाहपुर में एक अनुकरणीय पहल है। सेवा भारती शाहपुर के द्वारा कन्या पूजन के आयोजन के द्वारा कन्याओं के प्रति आदर भाव, सम्मान एवं धार्मिक सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश समाज को दिया गया।

दो डंपर किए जब्त

गिट्टी के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 अक्टूबर को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सहायक खनि अधिकारी एवं खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ घोड़ाडोंगरी-रानीपुर क्षेत्रांतर्गत खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन डम्पर क्रमांक डब्ल्यूबी 41ई 5962 को जप्त कर पुलिस थाना रानीपुर में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार शाहपुर क्षेत्रांतर्गत खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन डम्पर कमांक एमएच 40 सीडी 8643 को जब्त कर पुलिस थाना शाहपुर की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इस प्रकार खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहनों को जप्त कर अर्थदण्ड प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं, मालिकों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधान के तहत अर्थदण्ड प्रस्तावित किया जाकर प्रकरण को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

शाहपुर में गूंजेगा सरदार पटेल का जयघोष

31 अक्टूबर को होगा भव्य प्रतिमा का अनावरण



शाहपुर। चौरिया कुड़मी कल्याण समिति शाहपुर एवं घोड़ाडोंगरी क्षेत्र और सरदार पटेल कुड़मी समिति शाहपुर के तत्वावधान में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारी तेज हो गई है। इसको लेकर शिक्षक त्रिभुवन वर्मा के निवास पर समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समारोह के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों का सम्मान किया जाएगा। समिति ने बताया कि कार्यक्रम में किसानों का सम्मान, बुजुर्गों का सम्मान, युवा वर्ग की प्रतिभाओं का सम्मान और प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और भव्य रैली निकालने का भी निर्णय लिया गया। प्रतिमा का अनावरण 31 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे स्टेट बैंक के पीछे पलासपानी रोड, शाहपुर में किया जाएगा। मुख्य समारोह बाबा मनसुखदास प्रांगण शाहपुर जिला बैतूल में आयोजित होगा, जो दोपहर 2 बजे के बाद समापन की ओर होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डी.डी. उईके सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग भारत सरकार और हेमंत खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक बैतूल शामिल होंगे। विशेष अतिथि मा. डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया बाबा अध्यक्ष म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट दर्जा प्राप्त रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके विधायक घोड़ाडोंगरी करेंगी। इस अवसर पर चौरिया कुड़मी कल्याण समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा ठेकेदार, उपाध्यक्ष सीताराम पटेल और सरदार पटेल कुड़मी समिति के अध्यक्ष नीरज चौरे ने सभी से कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है।

सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में चयन

क्रिकेट, योगासन और तैराकी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल, बैतूल के आठ विद्यार्थियों का क्रिकेट, योगासन और तैराकी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

राज्यस्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के विजित दवंडे, देवांशु चौहान और समर्थ चौहान का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी 23 अक्टूबर से नरसिंहपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों कोच कुलदीप सिसोदिया और विवेक सिसोदिया के निर्देशन में तैयारी कर रहे हैं। इसी तरह अंडर-14 राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए ईशान वर्मा, मयंक बिहारे, श्रेया वर्ते और दक्षिता पवार का चयन हुआ है। ये विद्यार्थी 23 अक्टूबर से बालाघाट में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें कोच कमलेश डोंगरे और सुनील सर का मार्गदर्शन मिल रहा है। वहीं, अंडर-19 राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के विद्यार्थी आदित्य बंसल का चयन हुआ है। वे कोच प्रदीप मौर्य के निर्देशन में प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को निखारने और विद्यार्थियों को आगे बढऩे के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले और संभाग का नाम रोशन करेंगे।

आपदा मित्र योजना के तहत युवाओं को दिया जा रहा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



बैतूल। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में आपदा मित्र योजना के प्रथम सत्र का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 22 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सेनानी इंद्रल उपनारे के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला सेनानी श्री उपनारे के मार्गदर्शन में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आपदा मित्र योजना की उपयोगिता एवं सामाजिक आपदा सुरक्षा में आपदा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय अनुशासन बनाए रखना, सीमित संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर जन-धन की रक्षा करना तथा राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन को सहयोग देने के लिए सदैव तैयार रहना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण की कार्ययोजना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में शामिल पंजीकृत प्रतिभागियों को निर्देशानुसार पुस्तिका, डायरी, पेन, ब्रोशर, पहचान पत्र एवं लेस तथा रिफ्लेक्टिव जैकेट का वितरण किया गया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 125 युवा आपदा मित्र स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को आपदा, आपदा प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005, सिविल डिफेंस एक्ट एवं उसकी सेवाओं, बाढ़ जैसी जल आपदाओं के कारण एवं प्रबंधन, आपदा मित्रों के कर्तव्यों तथा आपदा मित्र योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

बोरदेही पुलिस ने 29 पौधों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

मक्का बाड़ी में गांजा उगा रहा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बोरदेही पुलिस ने ग्राम बोदुड़ में मक्का की बाड़ी में अवैध रूप से गांजे की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गांजे के 29 हरे पौधे बरामद किए हैं। जब्त पौधों का कुल वजन 7.450 किलोग्राम और अनुमानित कीमत 44,700 रुपए बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक, 16 अक्टूबर को थाना बोरदेही पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोदुड़ निवासी भूरा अखण्डे ने अपनी मक्का की बाड़ी में गांजे के पौधे लगा रखे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ग्राम बोदुड़ पहुंची, जहां आरोपी भूरा अखण्डे की मक्का की बाड़ी की जांच करने पर गांजे के हरे पौधे लगे हुए पाए गए।

पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए मौके से गांजे के कुल 29 हरे पौधे, जिनका कुल वजन 7.450 किलोग्राम है, जप्त किए गए। जप्त पौधों की अनुमानित कीमत 44,700 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर आरोपी भूरा पिता कल्लू अखण्डे, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम बोदुड़ रैय्यत थाना बोरदेही को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भैयालाल उईके, उप निरीक्षक पंचम सिंह उईके, सहायक उप निरीक्षक कमल सिंह मेहर, सहायक उपनिरीक्षक मिंतलाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक नागेंद्र सिंह, आरक्षक नीरज शेडे, आरक्षक शशिकांत आरसे, आरक्षक रोहित भारती, आरक्षक उमेश विश्वकर्मा, आरक्षक राधेश्याम कुमरे, आरक्षक चालक किशोर साहू एवं महिला सैनिक भारती सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

टेंट, लाइटिंग, सड़क सुधार, पार्किंग की रहेगी व्यवस्था, गोताखोर व हाईड्रा क्रेन रहेगी तैनात

राजडोह घाट पर होगा प्रतिमाओं का विसर्जन, नपाध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा, पानी में उतरने पर मनाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा, काली एवं सरस्वती प्रतिमाओं का विसर्जन तवा नदी के राजडोह घाट पर किया जाएगा। शनिवार 17 अक्टूबर 2026 को नगर पालिका अध्यक्ष, थाना प्रभारी समेत अन्य विभागीय अधिकारियों ने यहां तैयारियों का जायजा लिया। आगामी 20 एवं 21 अक्टूबर को राजडोह घाट पर प्रतिमा विसर्जन हेतु व्यवस्थाएं की जाएंगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिमा विसर्जन हेतु सुगम व्यवस्थाएं बनाई जा रही है। इसके तहत राजडोह घाट पर हाईड्रा केन, गोताखोरों की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी। अन्य तैयारियां भी नगर पालिका ने प्रारंभ कर दी हैं। निर्धारित गाईडलाइन अनुसार विसर्जन स्थल पर संपूर्ण व्यवस्थाएं की जाएंगी। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, थाना प्रभारी जयपाल इवनाती, राजस्व निरीक्षक हितेश शाक्य, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। घाट की सफाई, क्रेन हेतु व्यवस्थित स्थान बनाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि श्रद्धालुओं को विसर्जन स्थल पर कोई परेशानी ना हो इसके लिए टेंट, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं लाइटिंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाएं। सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। इस अवसर पर विनायक बागड़े, शिवम डेहरिया, सुनील सहारे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

रात 10 के पूर्व विसर्जन करने का आग्रह, डीजे पर प्रतिबंध

थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने बताया कि थाना परिसर में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में हुए निर्णय अनुसार 20 एवं 21 अक्टूबर को रात 10 बजे के पूर्व विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया सभी समितियों से इस हेतु आग्रह किया गया है एवं समितियों द्वारा इसके लिए सहमति भी दी है। इसके अलावा डीजे का उपयोग भी निर्धारित मानक क्षमता के स्पीकरों के साथ ही रात 10 बजे के पूर्व ही किया जा सकेगा।

नगर में चल रही रामलीला का छठवां दिन

त्रिकालदर्शी होकर भी दशानन ने राम से किया हठपूर्वक बैर, माता सीता का किया हरण



भैंसदेही। नगर में चल रही रामलीला के छठवें दिन सीता हरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। मंचन के अनुसार शूर्पणखा कटी हुई नाक लेकर रावण के दरबार में पहुंचती है और सारा वृत्तांत सुनाती है। रावण पूछता है कि बहन, तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गईं? इस पर शूर्पणखा कहती है कि भैया, गई थी, परंतु युद्ध में वे भी मारे गए। यह सुनकर रावण समझ जाता है कि खर-दूषण को भगवान के अलावा कोई नहीं मार सकता। वह कहता है कि इस पृथ्वी पर भगवान का अवतार हो चुका है। यदि वे भगवान हुए तो मैं हठपूर्वक उनसे बैर करूंगा और अपने कुल का उद्धार कराऊंगा, और यदि वे राजकुमार हुए तो मेरे हाथों मारे जाएंगे। इसके बाद रावण मामा मारीच को स्वर्ण मृग का रूप धरकर सीता के सामने जाने को कहता है। मारीच आज्ञा पाकर स्वर्ण मृग बन जाता है। सीता स्वर्ण मृग को देखकर श्रीराम से उसकी छाल लाने की जिद करती हैं। राम मृग के पीछे चले जाते हैं और उसे मार देते हैं। मरते-मरते मायावी मृग हाय लक्ष्मण, हाय लक्ष्मण चिल्लाता है। आवाज सुनकर सीता लक्ष्मण को राम की सहायता के लिए भेजती हैं। लक्ष्मण जाते समय लक्ष्मण रेखा खींचकर कहते हैं कि माता, इस रेखा को पार मत करना। लक्ष्मण के जाते ही साधु के वेश में रावण भिक्षा मांगने आता है और भिक्षा देते समय माता सीता का हरण कर लेता है। सीता को ले जाते समय जटायु रावण से युद्ध करता है और घायल हो जाता है। इधर लक्ष्मण राम के पास पहुंचकर उन्हें सुरक्षित पाते हैं। राम कहते हैं कि लक्ष्मण, तुम्हें सीता को छोडक़र नहीं आना चाहिए था, यह मृग तो मायावी था जो मरते-मरते तुम्हारा नाम ले रहा था। राम-लक्ष्मण वापस लौटकर सीता को नहीं पाते और इधर-उधर ढूंढते हैं। तभी उन्हें घायल जटायु मिलता है, जो रावण का सारा वृत्तांत बताकर प्राण त्याग देता है। श्रीराम जटायु का विधि-विधान से अंतिम संस्कार करते हैं।

खबर संक्षेप

सचिव शुक्ल ने किया सीहोर जिले का भ्रमण

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन के सचिव श्रीमन् शुक्ल ने सीहोर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका सीहोर में जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने तीन हितग्राहियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए और पंजीयन प्रक्रिया में नागरिकों को आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री श्रीमन् शुक्ल ने कार्यालय कलेक्टर स्थित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के माध्यम से संचालित सांख्यिकी संबंधी कार्यों तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना एवं सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा की।

भैरूंदा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को भैरूंदा विकासखंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सके।

नरवाई प्रबंधन को लेकर बैठक की गई चर्चा

ग्राम व विकासखंड स्तरीय समितियों के गठन का निर्णय, करेंगे जागरुक

खरीफ 2026 में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर की अध्यक्षता में नरवाई दहन पर रोकथाम बावत जपं सभाकक्ष बैठक आयोजित हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



एसडीएम डॉ. बबीता राठौर की अध्यक्षता में गत दिवस नरवाई प्रबंधन एवं नरवाई दहन पर रोकथाम बावत जपं सभाकक्ष में एक बैठक किसान संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ की गई। जिसमें फसल अवशेष प्रबंधन तथा कृषक जागरूकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में तहसीलदार शक्ति श्री तोमर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील बर्डे, नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी, जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, भारतीय मजदूर किसान संघ जिलाध्यक्ष केशरी पटेल एवं किसान मोर्चा मंडलाध्यक्ष चेतन मीणा, जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठन प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे ने बताया कि बैठक में नरवाई प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिए ग्राम एवं विकासखंड स्तर पर समिति गठन का निर्णय लिया गया। अब समितियां संबंधित विभागों एवं ग्राम पंचायतों से समन्वय रखकर नरवाई दहन की रोकथाम तथा फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन की कार्यवाही करेंगी।

यह होगी नरवाई प्रबंधन समिति व्यवस्था

ग्राम स्तरीय समिति-

सरपंच अध्यक्ष होंगे तथा ग्रापं सचिव, पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी व कोटवार सदस्य होंगे। समिति कृषकों को नरवाई दहन के दुष्प्रभावों से अवगत कराएगी, फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के विकल्प बताएगी तथा नरवाई दहन घटनाओं की सूचना देगी।

विकासखंड स्तरीय समिति-

तहसीलदार अध्यक्ष, जपं सीईओ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सचिव एवं खंड पशु चिकित्सा अधिकारी तथा आत्मा सेल बीटीएम सदस्य होंगे। समिति नरवाई प्रबंधन गतिविधियों की निगरानी व समीक्षा करेगी। तथा ग्राम समितियों से समन्वय बनाने, कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन देने तथा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही करेगी।

जनजागरूकता पर जोर

बैठक में नरवाई दहन से वायु प्रदूषण, मृदा की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव तथा भूमि में उपस्थित लाभकारी सूक्ष्मजीवों की क्षति बावत कृषक जागरूकता पर चर्चा की गई। बताया गया कि कृषकों को फसल अवशेष के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं वैकल्पिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। नरवाई प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग, जनप्रतिनिधि एवं किसान संगठन सक्रिय रहें। पील की गई है कि ग्राम एवं विकासखंड समितियां नरवाई दहन की रोकथाम तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें।

ड्रोन से होगी निगरानी, घटना की मिलेगी सटीक जानकारी

इससे पहले कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जाए। इससे घटनाओं की पहचान करने और संबंधित स्थान की सटीक जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नरवाई जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए तथा प्रकरण सामने आने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सलकनपुर पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

शारदीय नवरात्र में मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए सलकनपुर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में सामाजिक संगठनों के साथ कंपनी के पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी भी जुटे हुए हैं। पदयात्रा मार्ग पर जगह-जगह सेवा पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार, पेयजल और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भक्तों की सेवा के लिए भंडारे और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। इन सेवा पंडालों के माध्यम से पदयात्रियों को रास्ते में विश्राम करने और कुछ देर रुककर जलपान करने की सुविधा मिल रही है। नवरात्रि के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर सलकनपुर पहुंचते हैं। ऐसे में मार्ग में की जा रही सेवा से भक्तों को राहत मिल रही है।यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड ने भी शुरू की सेवाश्रद्धालुओं की सेवा के लिए यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से भी अलग-अलग स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं। इन पंडालों में पदयात्रियों के लिए स्वल्पाहार और पेयजल की व्यवस्था की गई है। सलकनपुर, गोपालपुर, इटारसी मार्ग सहित भैरूंदा क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं व्यवस्थाओं में जुटकर पदयात्रियों को जलपान उपलब्ध करा रहे हैं।

मधुर मिलन दशहरा समिति करेगी रंगारंग कार्यक्रम



सोहागपुर। मधुर मिलन दशहरा समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरे पर आयोजन किए जाएंगे। दशहरे पर 20 अक्टूबर की रात लगभग आठ बजे सबसे पहले पलकमती नदी किनारे रावण दहन किया जागा। मधुर मिलन दशहरा समिति के सत्र 2026-27 के अध्यक्ष आकाश चौरसिया ने बताया कि रावण दहन उपरांत स्थानीय रानी लक्ष्मीबाई मंच पर रंगारंग कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें जबलपुर की आर्केस्ट्रा एवं जूनियर जॉनी लीवर के द्वारा विविध गीत, संगीत, नृत्य व हास्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके पहले मधुर मिलन दशहरा समिति गठन के 48 वें वर्ष में पूर्व अध्यक्षों का सम्मान भी वर्तमान अध्यक्ष आकाश चौरसिया एवं सहयोगियों द्वारा किया जाएगा।

रावण दहन व राम रामसत्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं दशहरा एवं नवदुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने किरार समाज के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भोपाल पहुँचकर मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं राज्य स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से भेंट की।

उन्होंने मंत्री को पिपरिया में आयोजित होने वाले आगामी ऐतिहासिक रावण दहन और भव्य 'रामसत्ता' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। मंत्री श्री पटेल ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंडल अध्यक्ष



बलराम ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पचमढ़ी रोड स्थित इतवारा बाजार के दशहरा मैदान में भव्य रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीराम की एक विशालकाय शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी, जिसके उपरांत भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूपों द्वारा दशहरा मैदान में रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन के पश्चात दशहरा मैदान में विराट 'रामसत्ता' एवं भव्य भजन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं व अन्य सहयोग से होने कार्यक्रम में कई मंडल हिस्सा ले रहे हैं।

शिक्षकों ने मांग की उनके मानदेय का भुगतान कराएं

मानदेय से वंचित अतिथि शिक्षकों की वेदना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अतिथि शिक्षको को सितंबर माह से मानदेय नहीं मिला है। अतिथि शिक्षकों के अनुसार मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश मे हर महीने का मानदेय महीने की सात तारीख तक करने का आदेश हैं। लेकिन उनके बिल बीईओ ऑफिस मे पड़े रहते हैं तथा बाबुओं की उदासीनता के चलते मानदेय नहीं मिल पा रहा है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि उन्हें एक भी छुट्टी नहीं मिलती है। सभी नियम अनुसार स्कूलों में छह घंटे काम करते हैं। लेकिन समय पर मानदेय नहीं मिलता है। अतिथि शिक्षकों के अनुसार अब सितंबर माह से लगातार त्यौहारी माहौल है। तथा कुछ समय बाद दिवाली का पर्व है। लेकिन मानदेय नहीं दिया जा रहा है। और यदि मानदेय नहीं मिला तो दिवाली पर अतिथि शिक्षकों के घरों में अंधेरे के हालात रहेंगे। अतिथि शिक्षकों ने कलेक्टर से मांग की है कि मानदेय भुगतान कराएं।

गुहार

- **गत माहों से मानदेय नहीं दिया जा रहा है। और यदि मानदेय नहीं मिला तो दिवाली पर अतिथि शिक्षकों के घरों में अंधेरे के हालात रहेंगे।**

संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखनगर

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माखन नगर की छात्राओं ने संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सामूहिक लोकगीत एवं लोकनृत्य, दोनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। समूहिक लोकगीत में कु.प्रियंका भदरेले, साधना कहार, सुनयना, स्नेहा यादव, परी नागवंशी एवं कनक जाटव ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं समूहिक लोकनृत्य में प्राची भदरेले, हीरा, कंचन धुर्वे, रूबीना, नंदनी इवने, कौशल्या, ओमलता एवं तनु उइके ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य श्री निधीश कुमार गुरु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागी छात्राओं एवं मार्गदर्शक संगीत शिक्षिका वैशाली मिश्रा, सहयोगी हिना सिंह रावत तथा वैशाली मीना को बधाई दी तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने भी छात्राओं की मेहनत, लगन एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्री रामकृष्ण विवेकानंद वेदांत समिति ने की प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री रामकृष्ण विवेकानंद वेदांत समिति द्वारा गत दिवस जिला स्तर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सोहागपुर के सेंट पैट्रिक स्कूल, विवेकानंद स्कूल, कन्या शाला, एसजेएल स्कूल, आदर्श स्कूल, गेलेक्सी स्कूल आदि के 649 छात्र छात्राएं शामिल हुए। यह प्रतियोगिता स्वामी वीरेश्वरानंद के मागदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें नर्मदापुरम से मंजू राजपूत, संजेश शर्मा, सोहागपुर से विक्रम रघुवंशी, सतीश रघुवंशी, सुभद्रा जीजी, जगदीश पटेल, छाया भावसार का योगदान रहा।

विधायक ने खोला निधि का पिटारा, ग्राम बीजनवाड़ा को मिले 3 करोड़ के कार्य, 1.10 करोड़ की सड़क-नालियों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की सबसे बड़ी पंचायतों में शामिल ग्राम पंचायत बीजनवाडा में विकास की रफ्तार तेज हो गई है। नगरपालिका सीमा से सटी इस पंचायत पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी खासे मेहरबान नजर आ रहे हैं। विधायक नागवंशी ने अपनी विधायक निधि की तिजोरी खोलते हुए बीजनवाडा में करोड़ों रुपये की विकास सौगातें दी हैं।

कॉलोनियों में बिछा सड़कों का जाल, अब तक 3 करोड़ स्वीकृत

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विधायक निधि एवं अन्य योजनाओं के जरिए ग्राम पंचायत बीजनवाडा को अब तक लगभग 3 करोड़ रुपये की विकास राशि प्रदान की जा चुकी है। इस भारी भरकम बजट से पंचायत क्षेत्र की



लगभग सभी आंतरिक कॉलोनियों में पक्की सड़कों का निर्माण कराकर बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

1.10 करोड़ की लागत से बनेंगी 13 सीसी सड़कें और नालियाँ

इसी कड़ी में हाल ही में बनवारी और बीजनवाडा के मध्य सड़क एवं जल निकासी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 1 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इसके तहत 13 स्थानों पर दोनों ओर पक्की नालियों के साथ सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा।

जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद

मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी की उपस्थिति में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर नपाण्यक्ष प्रतिनिधि नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, बीजनवाडा सरपंच माधुरी बैंकर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया पटेल, पवन वालिया, पनारी सरपंच प्रीतमसिंह ठाकुर, सिमारा से राधेलाल पटेल, खूबचंद रघुवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर पठारिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष व महामंत्री गोलू पटेल आदि मौजूद रहे।

भक्तिमय माहौल में जगह जगह हो रही पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पिपरिया क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना और पारंपरिक घट स्थापना व ज्वारे रखे जाने से पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया है। इस बार नवरात्रि पर शहर में गरबे की जबरदस्त धूम देखने को मिल रही है, जिसके चलते निजी गार्डनों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री



ममता नागवंशी एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।उत्सव के दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी और उनके परिजनों ने भी गरबे में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों के हाथों विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

श्री रामलीला मंचन के दौरान की सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी

लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक, सीता हरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा नगर के गांधी चौक स्थित रामलीला मंच पर प्रति रात्रि रामलीला मंचन किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार रात सीता हरण प्रसंग का मंचन किया गया। वहीं सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि दिवस अतिथि रूप में बावड़ी वाला मंदिर महंत हरकिशन दास महाराज, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, समाजसेवी एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा श्री



गणेश पूजन के बाद लीला का मंचन प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सूर्पणखा के श्रीराम एवं श्री लक्ष्मण पर मोहित होने, सुंदर रूप धारणकर लक्ष्मण से संवाद करने, दशरथ नंदनों के समक्ष विवाह प्रस्ताव रखने तथा प्रस्ताव अस्वीकृति पर उसका राक्षसी रूप में वापस आकर माता जानकी पर हमला करने की लीलाओं का मंचन किया गया। तब लक्ष्मण ने सूर्पणखा की नाक काटी। इसके बाद खरदूषण वध एवं लंका दरबार में सूर्पणखा द्वारा नाक कटने का रुदन करने के पश्चात क्रोधित रावण द्वारा छलपूर्वक सीता हरण की लीला भी मंचित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



अभिनव प्रयास- सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी

श्रीराम नाट्य समिति सहयोगी शिवकुमार पटेल व साथियों द्वारा सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी शुक्रवार से शुरू की गई। लीला मंचन दौरान सनातन प्रसंग संबंधी प्रश्न दर्शकों से पूछे गए। विजेताओं को सनातनी ग्रंथों की प्रतियां पुरस्कार में दी गई। दर्शकों ने प्रश्नोत्तरी पहल की सराहना की तथा कहा कि इससे बच्चों में सनातन के अध्ययन की रुचि बढ़ेगी। कांग्रेस नेता यशवंत जवार, श्रीराम नाट्य समिति संरक्षक राजेंद्र नामदेव, पं. नीलेश शर्मा, पं. शैलेंद्र शर्मा, अधिवक्ता सतीश नामदेव, अधिवक्ता संदीप रघुवंशी, राकेश गोस्वामी, रीतेंद्र सिंह राजपूत, शरद चौरसिया, प्रशांत सोनी, विशाल गोलानी, कपिल सोनी ने प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण में सहयोग किया।

नलकूप विभाग में शेख के रहने तक मिलते रहे प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा स्थित विद्युत यांत्रिकी नलकूप विभाग (गेट क्रमांक 1 व 2) में स्थापित होने वाली माँ दुर्गा की प्रतिमा और झांकियों का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। पिछले लगभग 36 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी क्षेत्र में कौतूहल और श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है, भले ही बदलते समय के साथ इसका स्वरूप बदल गया हो।1990 में भट्ट की प्रेरणा से हुई थी शुरुआत विभाग में पदस्थ स्थाई कर्मचारी सतीश रामावत एवं प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस धार्मिक परंपरा की शुरुआत वर्ष 1990 में हुई थी। तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी भट्ट ने कर्मचारियों को परिसर में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रेरित किया था। उनके इस प्रयास ने एक ऐसी नींव रखी, जो बीते 36 वर्षों से अनवरत जारी है। कर्मचारियों के अनुसार, नलकूप विभाग की झांकियों का स्वर्णिम काल वर्ष 2010 तक रहा। उस समय विभाग में पेंटर शेख जलील खान पदस्थ थे, जो एक अद्भुत कलाकार थे। जब भी हिन्दू उत्सव समिति द्वारा झांकियों के लिए कोई विषय (थीम) दिया जाता था, तब रामावत सहित अन्य कर्मचारी इतिहास और पौराणिक कथाओं से जुड़ी जानकारियां ढूंढकर लाते थे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर में भवन / भूखंड / दुकान MIG-26 श्रीमती मोहनी केवलरमनी पति गोपालदास केवलरमनी के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री सुधीर जैन पिता राजकुमार जैन अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते / चाहती है। उक्त भवन /भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद इटारसी

खबर संक्षेप

अंडर-22 बालक क्रिकेट टीम का चयन आज

हरदा। आगामी संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हरदा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-22 बालक क्रिकेट टीम के चयन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया नेहरू स्टेडियम ग्राउंड, हरदा में होगी। इसमें जिले के पात्र खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि हरदा, टिमरनी, खिरकिया, रहटगांव और सिराली सहित जिले की विभिन्न तहसीलों के खिलाड़ी चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सितंबर 2004 को या उसके बाद हुआ है, वे चयन के लिए पात्र होंगे। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पंजीयन सुबह 9 बजे से शुरू होगा। सभी खिलाड़ियों को अपना डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

किशोरी का शव भंवरदी नदी में मिला

हरदा। छीपाबड़ थाना क्षेत्र के जूनापानी गांव की 17 वर्षीय किशोरी का शव शुक्रवार शाम भंवरदी नदी में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान सुशीला के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर मर्ग कायम किया है। किशोरी की मौत डूबने से हुई या इसके पीछे कोई दूसरी वजह है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। मृतका के पिता छोटेलाल पालवी ने बताया कि गुरुवार सुबह वे पत्नी के साथ खेत पर फसल काटने गए थे। उस समय सुशीला घर पर अकेली थी। शाम को जब वे लौटे तो सुशीला घर पर नहीं मिली। इसके बाद उसकी तलाश की गई। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे भंवरदी गांव के पास नदी में एक शव उतराता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान सुशीला के रूप में की। ग्राम सरपंच मौजीराम कासदे ने बताया कि किशोरी की मौत कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है।

बुधनी में डंपर की टक्कर से महिला की मौत, 24 घायल

बुधनी। मां विजयासन धाम सलकनपुर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ दो-अलग हादसों में एक महिला की मौत सहित 36 लोग घायल हुए हैं। घायलों को नर्मदापुरम और रेहटी अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर श्रद्धालुओं से भरे दो ऑटो की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। आसपास के राहगीर और स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की दो गाडिय़ां तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से सभी एक दर्जन घायल श्रद्धालुओं को तत्परता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पहुंचाया गया। डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है। गनीमत यह रही कि कई श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आईं, जबकि कुछ का इलाज अभी भी जारी है।

अब्दुल सईद खान व सुल्ताना खान ने नौ देवियों के पग पखार पूजन कर मातारानियों को चुनरी ओढ़ाई

नवदुर्गा पूजन कर कराया कन्या भोज, कन्याओं ने किया गरबा नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



पिनेकल एकेडमी परिवार द्वारा नवीन परिसर में शनिवार को सुबह नवदुर्गा पूजन,सामूहिक गरबा नृत्य एवं कन्याभोज कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष योगमाया शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी रेखा अनिल पटेल, वार्ड 11 की पार्षद अंजना संदीप पाराशर, सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई सचिव अदिति गुरु, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला संयोजक लिषिका काले उपस्थित रही। इस दौरान देवी के नौ रूपों की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। उपस्थित अतिथियों एवं संचालक अब्दुल सईद खान एवं सुल्ताना खान ने नौ देवियों के पग पखारकर, पूजन कर मातारानियों को चुनरी पहनाई। यह दृश्य नयनाभिराम रहा,पूजन कार्यक्रम के दौरान देवी के नौ रूपों की झांकी एवं भव्य आरती से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई, मातारानी के जयकारों से परिसर गुंजायमान हो गया। स्वागत उदबोधन जान्हवी तोमर ने दिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष योगमाया शर्मा ने कहा कि स्कूलों में हमारी संस्कृति,सभ्यता के दर्शन से विद्यार्थी सशक्त नागरिक बनते है। उन्होंने पिनेकल एकेडमी परिसर में आयोजित नौ देवी पूजन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था में इस तरह के आयोजन से बच्चे हमारे संस्कार, धर्म, संस्कृति, सभ्यता से परिचित होते है। अपने उदबोधन में वरिष्ठ समाजसेवी रेखा पटेल ने देवी पूजन कार्यक्रम से प्रभावित होकर कहा कि इस तरह के आयोजनों में शिक्षकों की मेहनत होती है, विद्यार्थियों को मिला सही मार्गदर्शन राष्ट्र निर्माण में सहायक होता है। एबीवीपी की जिला संयोजक लिषिका काले ने जयकारे लगवाते हुए कहा कि हम विद्यार्थियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है।पार्षद अंजना पाराशर एवं अदिति गुरु ने कार्यक्रम की सराहना की। वहीं अतिथियों ने पूजन कर कन्याओं को सामग्री भेंट भी की इसके बाद सामूहिक गरबा नृत्य हुआ। अतिथियों ने नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन सोहा खान ने किया। अंत में आभार प्राचार्य प्रियंका तोमर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र सहित विद्यालय की कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

अस्पतालों और पैथोलॉजी लैब में नहीं मिले उचित दस्तावेज

स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हड़कंप शहर के कई झोलाछाप क्लीनिक सील

आने वाले दिन में होगी जांच के बाद सील की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



बीएमओ राम सोनी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डॉक्टरों पर बड़ी कार्रवाई की शुरुआत की गई। इलाज संबंधित उचित दस्तावेज न मिलने के कारण डॉ ईरशाद इरशाद का अवैध क्लीनिक सील कर दिया गया। वही डॉक्टर सत्येंद्र शर्मा के पास भी इलाज के लिए पर्याप्त दस्तावेज नहीं मिले, लेकिन उनके द्वारा बताया गया कि उनकी बेटी की एमबीबीएस की डिग्री है।

बीएमओ राम सोनी ने बताया कि संबंधित डॉक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि जिसके नाम से डिग्री है वहीं अस्पताल संचालन करें अन्यथा अस्पताल को सील कर दिया जाएगा। संबंधित अस्पताल को मॉनिटरिंग में लिया गया है। धड़ाधड़ हुई कार्रवाई के बाद संबंधित टीम डॉक्टर हीरा के क्लीनिक पर पहुंची तो वह भी बंद मिला उसे भी सील कर दिया गया। मुख्य मार्ग पर स्थित मंगला क्लीनिक पर भी कार्रवाई की गई। बीएमओ राम सोनी ने बताया कि मंगला की क्लीनिक पर जो दस्तावेज क्लीनिक संचालक में उपलब्ध कराए उनका जांच के लिए भेजा जा रहा है। फिलहाल मंगला क्लीनिक को भी जांच में लिया गया है मॉनिटरिंग की जा रही है। जिस पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पैथोलॉजी जो शहर में संचालित हो रही है उन पर भी जांच की गई। परख पैथोलॉजी लैब पर संचालक को निर्देश दिए गए कि जिसके नाम से पैथोलॉजी का लाइसेंस है वह डॉक्टर रिपोर्ट सैंपल लेने से लेकर रिपोर्ट देने तक प्रत्येक समय उपलब्ध होना चाहिए। परख पैथोलॉजी को भी जांच में लिया गया मॉनिटरिंग की जाएगी। संबंधित चिकित्सक मौके पर उपलब्ध नहीं होते हैं तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। तनुश्री पैथोलॉजी लैब पर पहुंचने पर संचालक लैब बंद करके भाग गए। संबंधित पैथोलॉजी पर भी कार्रवाई की जा रही है। करुणालय पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर पर भी जांच शुरू की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया में पदस्थ डॉ विश्वकर्मा के आवास पर चल रहे दवा खाने के संबंध में बीएमओ ने बताया कि उन्हें भी निर्देश दिए गए हैं कि समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए उपलब्ध रहें। उनके क्लीनिक संचालन के संबंध में सीएचएमओ हरदा कार्यालय के अनुसार आगामी कार्रवाई होगी। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ राम सोनी ने बताया कि खिरकिया शहर में अलग-अलग हिस्सों में बड़े स्तर पर नियम विरुद्ध तरीके से इलाज किए जाने बिना डिग्री के इलाज किए जाने और किस प्रकार के छोटे बड़े अस्पतालों में बड़ी मात्रा में दवाइयां को बेचे जाने के संबंध में शिकायत आ रही थी। कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार की जा रही है आने वाले दिनों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

मेडिकल स्टोर हुए बंद

अचानक हुए एक्शन के बाद पूरे शहर में स्थित तकरीबन एक दर्जन क्लिनिक और अस्पताल धड़ाधड़ बंद हो गए। वहीं करीब दो दर्जन मेडिकल स्टोर्स संचालकों ने भी मेडिकल स्टोर बंद कर दिए। गौरतलब है कि खिड़किया शहर में इलाज के नाम पर फर्जी डॉक्टर लगतार इलाज कर रहे थे। लगभग हर डॉक्टर ने अपना एक मेडिकल स्टोर्स खोल रखा है और रोजाना एक-एक मरीज को हजारों रुपए की दवाई इलाज के नाम पर देकर जमकर मुनाफाखोरी कर रहे थे।

इनका कहना है...

क्लीनिक, पैथोलॉजी लैबों और अस्पतालों की जांच में गंभीर अनियमिताएं सामने आई है लगभग सभी में कमियां पाई गई। तकरीबन हर झोलाछाप नियम विरुद्ध इलाज कर रहा है। कुछ अस्पताल सील कर दिए गए हैं कुछ आने वाले दिनों में सील कर दिए जाएंगे। पैथोलॉजी लैबों भी अनियमितताएं सामने आई है उन पर भी कार्रवाई की जा रही है।

डॉ राम सोनी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर खिरकिया

719 का निराकरण किया

विद्युत सेवाओं के लिए संपर्क अभियान शिविर लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरदा जिले में उपभोक्ताओं को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संपर्क अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को हरदा के वार्ड क्र. 29, ग्राम खामापडमा, रातातलाई, बाफला, खिरकिया के ग्राम चौकड़ी, सोमगांव, टिमरनी के ग्राम धौलपुर कलां, लोलांगरा, धौलपुर खुर्द एवं महूखाल में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में उपभोक्ता सेवाओं से जुड़े प्रकरणों जैसे नवीन कनेक्शन, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, पोल, वोल्टेज, विद्युत बिल सुधार, मीटर एवं सर्विस केबल, डुप्लीकेट बिल, मीटर रीडिंग संबंधी शिकायतें एवं अन्य तकनीकी सेवाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर मौके पर ही निराकरण किया गया। अभियान के दौरान कुल 884 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 719 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। ह्यसंपर्क अभियानह्न के तहत 5 रुपये में 34 नए कनेक्शन प्रदान किए गए। साथ ही उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

पंकज को मिला बुक ऑफ द ईयर अवार्ड

सीहोर। साहित्य जगत से सीहोर और पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरवशाली खबर सामने आई है। शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कथाकार पंकज सुबीर को उनके चर्चित कहानी संग्रह 'ख़ैबर दर्रा' के लिए कलिंगा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 'केएलएफ बुक ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच का यह सम्मान पहली बार मध्यप्रदेश के किसी रचनाकार के हिस्से में आया है।

30 तक करनी है कार्रवाई, शेष प्रकरणों में रिपोर्ट भेजने के निर्देश

वनाधिकार के 1500 लंबित पट्टों पर एसडीएम सख्त एक सप्ताह में निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



वनाधिकार के लंबित पट्टों के निराकरण को लेकर अनुविभागीय अधिकारी शैलेन्द्र बड़ौनिया ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार दोपहर 12 बजे पंचायत कार्यालय हरदा में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को वनाधिकार पट्टों से जुड़े लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में बीट गार्ड, पटवारी, पंचायत सचिव सहित संबंधित विभागों के कर्मचारियों को वनाधिकार पट्टों के निष्पादन की प्रक्रिया और आवश्यक कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि हरदा अनुविभाग में वनाधिकार के लगभग 1500 पट्टे लंबित हैं, जिन पर अभी कार्रवाई की जाना शेष है। इन प्रकरणों के निराकरण के लिए 30 अक्टूबर की अंतिम समय-सीमा निर्धारित है। इसके बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर एसडीएम बड़ौनिया ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

एसडीएम बड़ोनिया ने स्पष्ट कहा कि सभी संबंधित कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर आगामी एक सप्ताह के भीतर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई पूरी करें। जिन प्रकरणों में नियमानुसार वनाधिकार पट्टे दिए जाने की पात्रता है, उनमें पट्टे तैयार करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। वहीं, जिन प्रकरणों में पट्टा दिया जाना संभव नहीं है, उनमें नियमानुसार आवश्यक जांच कर शीघ्र रिपोर्ट तैयार की जाए और आगे की कार्रवाई के लिए प्रेषित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण हो सके। बैठक में हंडिया तहसीलदार पूजा भाटी, हरदा जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन विभाग तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नशामुक्ति नाटक से बंदियों को किया जागरुक घर को मंदिर बनाने के लिए दिया गया संदेश

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से जिला जेल में बंदियों के लिए आध्यात्मिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नशामुक्ति पर आधारित नाटक के माध्यम से बंदियों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए। साथ ही नशे की लत छोड़कर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में बीके भव्यता बहन, बीके किरण बहन और बीके राजेश भाई ने नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल देवी-पूजन का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर की बुराइयों पर विजय प्राप्त कर दैवी गुणों को अपनाने का संदेश भी देती है। सच्ची साधना तभी सार्थक होती है, जब व्यक्ति अपने जीवन में शांति, प्रेम, पवित्रता और सद्भावना को स्थान देता है। वक्ताओं ने घर को मंदिर बनाने का संदेश देते हुए कहा कि जिस घर में प्रेम, आपसी सम्मान, मधुर वाणी, अच्छे संस्कार और सकारात्मक विचार होते हैं, वहां सुख-शांति का वातावरण बना रहता है। व्यक्ति अपने विचारों और व्यवहार में सुधार कर तथा व्यसनों और बुराइयों से दूर रहकर स्वयं के साथ अपने परिवार का जीवन भी सुखमय बना सकता है।

उन्होंने बंदियों को आत्मचिंतन करने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। नशे से दूर रहकर नैतिक मूल्यों को अपनाना और अपने व्यवहार में सुधार करना बेहतर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जेल उप अधीक्षक दिलीप सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बंदियों को जीवन में परिवर्तन के लिए प्रेरित करते हैं और उनके भीतर सुधार की भावना जागृत करने में सहायक होते हैं। आध्यात्मिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों को अपनी गलतियों से सीख लेकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों में आत्मचिंतन, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

46 किलोमीटर पैदल चले आदिवासी, मुख्यमंत्री से मिलेः आश्वासन के बाद लौटे घर

मोहन-शिवराज की मंत्रणा के बाद थमा कोसमी का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



भैरुंदा के कोसमी गांव के आदिवासियों का गुस्सा और उनका लंबा संघर्ष आखिरकार रंग लाया। वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर 46 किलोमीटर का लंबा और कठिन पैदल सफर तय कर भोपाल की ओर बढ़ रहे आदिवासी ग्रामीणों का आंदोलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच हुई उच्चस्तरीय मंत्रणा के बाद समाप्त हो गया है। सरकार से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीण गुरुवार देर शाम बसों से अपने गांव वापस लौट गए। गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को भैरुंदा के ग्राम कोसमी में वन विकास निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसमें 12 आदिवासी परिवारों के मकान तोड़ दिए गए और पीने के पानी के कुओं को पाट दिया गया था। सिर से छत छिन जाने के बाद इन आदिवासियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया था। इसी कार्रवाई के खिलाफ न्याय की गुहार लगाने के लिए गुरुवार सुबह 11 बजे कोसमी गांव से करीब 3 हजार से अधिक आदिवासी महिला, पुरुष, युवा और बच्चे भोपाल की तरफ पैदल मार्च पर निकल पड़े थे। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस रैली में शामिल लोगों ने कड़ाके की धूप की परवाह किए बगैर गुरुवार को 46 किलोमीटर का सफर तय किया था और रात्रि विश्राम कर रहे थे। 17 अक्टूबर को नाराज ग्रामीणों ने सीएम से मुलाकात व सीएम हाउस घेराव की बात कही थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए गुरुवार की देर शाम मुख्यमंत्री निवास पर एक अहम बैठक बुलाई गई। इस उच्चस्तरीय मंत्रणा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और आदिवासी वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला बरेला, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के दौरान प्रभावित आदिवासी परिवारों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी पूरी बात रखी। बीजेपी सूत्रों के अनुसार सरकार ने उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और तुरंत बड़ा निर्णय लेते हुए कई बड़े आश्वासन दिए, जिसमें प्रभावित आदिवासी परिवारों को सिंहपुर गांव में जमीन के पट्टे आवंटित किए जाएंगे, ताकि उनके आवास की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। गांव में वन विकास निगम के अधिकारियों द्वारा की गई तोडफ़ोड़ और कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी।

रामलीला में ताड़का मारीच व सुबाहु वध का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में जारी रामलीला में मुनि आगमन, ताड़का, मारीच और सुबाहु वध की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान राम और लक्ष्मण ने गुरु विश्वामित्र के साथ वन जाकर राक्षसों का संहार किया। प्रयागराज से आए कलाकारों ने मंचन किया।

इस मौके पर रामलीला के महंत बृजेश शर्मा ने बताया कि ताड़का, मारीच और सुबाहु जैसे भयंकर राक्षसों के उत्पात से परेशान होकर ऋषि विश्वामित्र अयोध्या नरेश दशरथ के दरबार में पहुंचे। उन्होंने अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को अपने साथ वन ले जाने की अनुमति मांगी। प्रारंभ में राजा दशरथ अपने प्रिय पुत्रों को वन भेजने में हिचकिचाए और अपना दुख व्यक्त किया। हालांकि, गुरु वशिष्ठ के समझाने पर उन्होंने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजने का निर्णय लिया।

वन मार्ग में उन्हें ताड़का नामक एक भयंकर राक्षसी मिली। राम और लक्ष्मण ने निडरता से उस राक्षसी का वध कर दिया। जब इस घटना का समाचार मारीच और सुबाहु के दरबार पहुंचा, तो वे अपनी राक्षसी सेना के साथ राम-लक्ष्मण से युद्ध करने आए। भगवान राम ने एक-एक करके सभी राक्षसों का संहार किया।